Estd. 1987 Reg. No. 74/Ajmer/1988-89, Dated 23/12/1988

# राजस्थान गणित परिषद्
# Rajasthan Ganita Parishad

पंजीकृत प्रधान कार्यालय : गणित विभाग, राजकीय महाविद्यालय, अजमेर 305001

Website : www.rgp.co.in PAN : AABAR2546Q Email : rgp@rgp.co.in

## 22 वां वार्षिक अधिवेशन ( दिनांक 05-06 मार्च, 2011 )
## आयोजक : राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, झालावाड़ ( राज )

## कार्यवृत्त

राजस्थान गणित परिषद् का 22 वां वार्षिक अधिवेशन राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, झालावाड़ (राज) द्वारा दिनांक 05-06 मार्च, 2011 को आयोजित किया गया।

- **कार्यकारिणी की बैठक :** दिनांक 05 मार्च, 2011 को प्रात: 9. 30 बजे राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, झालावाड़ (राज) में आयोजित की गई जिसमें 20 फरवरी, 2011 तक नये आजीवन तथा वार्षिक सदस्यों की सदस्यता स्वीकार की गई। महासचिव का वार्षिक (2010) प्रतिवेदन तथा कोषाध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत वार्षिक (2010) लेखा-जोखा स्वीकार किया गया। वर्ष 2010 में विभिन्न पदक एवं प्रमाण पत्र प्राप्तकर्ताओं के नामों का अनुमोदन किया गया तथा संविधान संशोधन समिति द्वारा संविधान में सुझाए गए प्रस्तावों एवं उपनियमों को स्वीकार कर साधारण सभा में प्रस्तुत किया जाना निश्चय किया।
- **अधिवेशन उद्घाटन सत्र : मुख्य अतिथि प्रो. एम. एस. यादव, कुलपति, RTU, Kota** ने अधिवेशन का उद्घाटन किया तथा समारोह की **अध्यक्षता पूर्व प्राचार्य प्रो. पंडेर** ने की। प्राचार्य **प्रो. नेमीचन्द सिंह** ने अतिथियों एवं सम्भागियों का स्वागत किया। परिषद् के कार्यकारी अध्यक्ष **प्रो. राजबली**, जयपुर ने अध्यक्षीय भाषण दिया तथा महासचिव **डा. सिनसिनवार** ने वर्ष 2010 की गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। आयोजन संयोजक **डा. करतार सिंह**, गणित विभागाध्यक्ष, राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, झालावाड़ द्वारा अतिथियों एवं सम्भागियों को धन्यवाद दिया।
- राज्य में गणित प्रतिभावों को प्रोत्साहित करने हेतु वर्ष 2010 की विभिन्न कक्षाओं / परीक्षाओं में गणित में उच्चतम अंक प्राप्तकत्ताओं को अतिथियों ने **स्वर्ण / रजत पदक एवं प्रमाण पत्र** देकर सम्मानित किया।
- विभिन्न तकनीकी सत्रों में विषय विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिये गये। Applications of Maths in Engineering पर एक सिम्पोजियम आयोजित किया गया। शोधकर्ताओं द्वारा शोध पत्र वाचन के सत्र भी आयोजित किये गये।

# साधारण सभा की बैठक

दिनांक 06 मार्च, 2011 को राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, झालावाड़ (राज) के सभागार में राजस्थान गणित परिषद् की वार्षिक साधारण सभा की बैठक कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. राजबली की अध्यक्षता तथा डॉ. बी. एस. सिनसिनपार महासचिव के संयोजन में अपरान्ह 2.30 बजे प्रारंभ हुई। बैठक का विवरण निम्नानुसार है :

1. परिषद् की 21 फरवरी, 2010 को MNIT जयपुर में सम्पन्न कार्यकारिणी की बैठक के मिनिट्स की पुष्टि की गई।
2. महासचिव द्वारा प्रस्तुत वार्षिक (2010) प्रतिवेदन स्वीकार किया गया तथा वर्ष 2010 में तथा 05 मार्च, 2011 में सम्पन्न कार्यकारिणी की बैठकों में लिये गये निर्णयों की जानकारी दी गई।
3. कोषाध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2010 का लेखा जोखा स्वीकार किया गया। सदस्यों ने भविष्य में बजट अनुमान भी प्रस्तुत करने का सुझाव दिया।
4. सम्पादक के अधिवेशन तथा साधारण सभा में अनुपस्थित रहने से शोध पत्र तथा उनके प्रकाशन की प्रगति का विवरण सदन में नहीं दिया जा सका। सम्पादक की अनुपस्थिति में महासचिव ने सदन को विश्वास दिलाया कि वे शीघ्र ही शोध कार्य प्रकाशन को गति प्रदान करेगें।
5. अनेक सदस्यों ने शोध जर्नल "***गणित संदेश***" के जून 2010 अंक के मुख पष्ठ पर ही हिन्दी का नाम (गणित संदेश)नही छापने, आकार परिवर्तन, अध्यक्ष के फोटो तथा संदेश इत्यादि छापने से प्रकाशन की गरिमा को ठेस पहुँचने पर गहरा रोष व्यक्त किया तथा सदन ने सम्पादक एवं कार्यकारिणी को निर्देशित किया कि
   - 5.1. गणित संदेश का आकार पूर्व अंक (दिसम्बर, 2009) की भांति यथावत रखा जाये।
   - 5.2. टाइटल कवर तथा उस पर मुद्रित सामग्री पूर्व अंक (दिसम्बर, 2009) के फॉरमेट के अनुरूप रखी जाये।
   - 5.3. गणित संदेश में परिषद् के किसी भी पदाधिकारी का फोटो, संदेश अथवा अन्य नहीं छापा जाये।
6. दिनांक 05 मार्च, 2011 को प्रातः 9. 30 बजे आयोजित कार्यकारिणी की बैठक में स्वीकत उपनियमों ( Bye laws ) का अनुमोदन किया गया तथा उन्हें आगामी दिवस से ही प्रभावी कर दिये जाने का कार्यकारिणी को निर्देश दिया गया।
7. दिनांक 05 मार्च, 2011 को प्रातः 9. 30 बजे आयोजित कार्यकारिणी की बैठक में स्वीकत संविधान संशोधन / परिवर्तन संबंधी प्रस्तावों पर गहनता पूर्वक विचार कर सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। यह भी निश्चय किया गया कि संविधान के व्यापक प्रसारण के हित में इन प्रस्तावों को साधारण सभा की आगामी बैठक में पुनः प्रस्तुत किया जाये।

# नई कार्यकारिणी का गठन

राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, झालावाड़ (राज) में निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में राजस्थान गणित परिषद् के लिए वर्ष 2011 की कार्यकारिणी में रिक्त पदों पर निर्वाचन कर परिषद् का निम्न प्रकार गठन किया गया।

| | | |
|---|---|---|
| 1. अध्यक्ष | : | डॉ. बच्चू सिंह सिनसिनवार, भरतपुर |
| 2. महासचिव | : | डॉ. बजरंग लाल मीणा, टोंक |
| 3. सम्पादक | : | डॉ. विष्णु गोपाल गुप्ता, जयपुर |
| 4. कोषाध्यक्ष | : | डॉ. अनिल गोखरू, अजमेर |
| 5. संयुक्त सचिव | : | डॉ. करतार सिंह, झालावाड़ |
| सदस्य (3 वर्ष) | : | डॉ. वी. सी. जैन, अजमेर |
| | : | डॉ. के. सी. शर्मा, भरतपुर |
| | : | डॉ. पी. के. मिश्रा, सीकर |
| सदस्य (2 वर्ष) | : | डॉ. डी. सी. शर्मा, किशनगढ़ |
| | : | डॉ. कृष्ण गोपाल भडाना, अजमेर |
| | : | डॉ. कैलाश लच्छवानी, भीलवाड़ा |
| सदस्य (1 वर्ष) | : | डॉ. आर. एन. जाट, जयपुर |
| | : | डा. डी. आर. जैन, टोंक |
| | : | सुश्री प्रिया आडवानी, अजमेर |

इसी के साथ परिषद् के कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. राजबली ने सम्मेलन की समाप्ति की घोषणा की तथा आयोजन सचिव ने सभी का धन्यवाद किया।

# नव निर्वाचित कार्यकारिणी की बैठक

दिनांक 06 मार्च, 2011 को राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, झालावाड़ (राज) के सभागार में राजस्थान गणित परिषद् की नव निर्वाचित कार्यकारिणी की बैठक अपरान्ह 6:00 बजे आयोजित की गई। जिसमें निम्न निर्णय लिये गये।

**1.** नव निर्वाचित कार्यकारिणी ने पद भार ग्रहण कर निवर्तमान कार्यकारिणी द्वारा वर्ष 2010 में किये गये कार्यों के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया।

**2.** दिनांक 05 मार्च, 2011 को प्रातः सम्पन्न कार्यकारिणी की बैठक के मिनिट्स की पुष्टि की गई।

**3.** गणित संदेश के प्रकाशन एवं वितरण कार्य को सुचारू रूप से सम्पन्न करने हेतु सर्व सम्मति से डा. अनिल गोखरू, गणित विभाग, राजकीय महाविद्यालय, अजमेर को तुरन्त प्रभाव से सम्पादकीय सचिव नियुक्त किया गया।

**4.** कार्यकारिणी में प्रो. ए.एन. गोयल, जयपुर तथा डा. डी. सी. गोखरू, अजमेर का सहवरण किया गया।

**5.** 22 वें अधिवेशन के सफल आयोजन हेतु राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय, झालावाड़ (राज) के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया।

आसन को धन्यवाद पश्चात् बैठक संपन्न हुई।

डॉ. बच्चू सिंह सिनसिनवार<br>अध्यक्ष

डॉ. बजरंग लाल मीणा<br>महासचिव